# निगम आयुक्त ने खुर्सीपार क्षेत्र में निर्मित बड़े नालो का किया निरीक्षण

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई में भारी बारिश से हुए जलभराव जैसे स्थिति को देखते हुए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय जोन 04 शिवाजी नगर खुर्सीपार क्षेत्र में नालों का निरीक्षण करने पहुंचे। खुर्सीपार क्षेत्र अंतर्गत भारी बारिश के कारण कुछ स्थलों में जलभराव जैसे स्थिति निर्मित हुई थी। भविष्य में इस तरह की स्थिति निर्मित न हो इसलिए जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे एवं स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के साथ नंदनी रोड स्थित करूणा हास्पिटल के पास तेल्हा नाला, छावनी स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल परिसर, बापू नगर हास्पिटल के पास नाला, वार्ड 44 लक्ष्मी नारायण नगर स्थित नाला, वार्ड 42 गौतम नगर नाला का निरीक्षण किए। सभी नालो में बहकर आए हुए ठोस अपशिष्ट को हटवाया जा रहा है। जिसमें कुछ लोगों द्वारा नाला में अपने पुराने गददे, त्रिपाल, बोरी, प्लास्टिक एवं अनुपयोगी सामान डाला गया था, जिसके कारण नाला जाम हो गया था और पानी की निकासी नहीं हो पाई तथा परिस्थिति जलभराव वाली बनी। वर्षाऋतु हेतु सफाई सुपरवाईजर एवं सफाई कर्मियों को तीन पालियों में डयूटी लगाई गई है। जिससे आस-पास के निचली बस्तीयों में जलभराव की स्थिति निर्मित न हो। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा, सहायक अभियंता प्रिया करसे, उप अभियंता चंद्रकांत साहू, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थय अधिकारी हेमंत मांझी, बीरेन्द्र बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक अतूल यादव एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

